# टीकमगढ़




नवभारत

भोपाल, गुरुवार, 21 अगस्त 2025


## केंद्रीय मंत्री के बंगले के पास फेंके आईडी कार्ड

**भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी ने लगाया छवि धूमिल का आरोप**

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ समूचा घटनाक्रम**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के सिविल लाइन रोड पर स्थित केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के शासकीय बंगले के पास से मंगलवार की रात्रि 43 वोटर आईडी कार्ड बरामद होने का मामला सामने आया है। यह मामला सामने आते ही समूचे जिले में तरह-तरह की चर्चाओं को बल मिल रहा है। इस घटनाक्रम में सबसे अहम बात यह रही है कि कई वोटर आईडी कार्ड जली हालत में मिले। आशंका जताई जा रही है कि इन्हें जलाने की कोशिश की गई है। सूत्रों की माने तो ही ना कही जिस व्यक्ति ने इस मामले को अंजाम दिया है उसके पीछे का कारण केंद्रीय मंत्री की छवि को धूमिल करने से जुड़ा हुआ है।**

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार और पटवारी समेत प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने इन काड्र्स को जब्त कर लिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने वोटर आईडी काड्र्स के दुरुपयोग की आशंका जताई है। कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार रात वह केंद्रीय मंत्री के बंगले पर पहुंचे। तब उन्हें बंगले के ठीक बगल में सड़क पर वोटर कार्ड आईडी पड़े दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री के बंगले के ठीक बगल में सरकारी क्वार्टर बने हैं।

बगल वाले सरकारी क्वार्टर में संतोष अंबेडकर नाम का कर्मचारी रहता है जो सीएमएचओ दफ्तर में बाबू है। उसी के घर से महिला ने यह वोटर आईडी सड़क पर फेंके हैं। घटना की सूचना तुरंत तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर को दी थी। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। सीसीटीवी बंगले के सामने सड़क के दूसरी साइड दुकान में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। इसमें सड़क के दूसरी साइड जहां बंगले पर हरी नेट लगी दिखाई दे रही है वहां सरकारी क्वार्टर से एक महिला बाहर निकाल कर सड़क पर डस्टबिन से कार्ड फेंकते हुए नजर आ रही है। सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी ने तहसीलदार को सूचना दी। चतुर्वेदी ने प्रशासन से जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन वोटर आईडी के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में दिए गए लाभों की जांच होनी चाहिए।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि आज मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कलेक्टर के नाम पत्र सौंपा जाएगा। जानबूझकर केंद्रीय मंत्री को बदनाम करने के लिए उनके बंगले के बगल में यह कार्ड फेंके गए हैं। तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि रात में ही निर्वाचन शाखा के अधिकारियों को वोटर आईडी वेरीफाई करने के लिए दे दिए गए हैं। सड़क पर मिले वोटर आईडी कार्ड टीकमगढ़ जिले के ही लोगों के हैं। सड़क पर कार्ड किसने फेंके यह पुलिस जांच का विषय है।

### एक नजर में

## ग्राम पंचायतों के भ्रमण पर निकले अधिकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गईं ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।**

भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारियों द्वारा एमडीएम का निरीक्षण, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, मौसमी बीमारियों की आशंका, गाँव में टीकाकरण एवं आशा की उपस्थिति, जर्जर भवनों की जानकारी विशेषकर शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन या अन्य शासकीय भवन इत्यादि, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, 50 एवं 100 दिवस से अधिक की सीएम हेल्पलाइन, पीडीएस का निरीक्षण, शुद्ध पेयजल की जानकारी ली।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर सम्मानित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों के कलेक्टर्स को सम्मानित किया गया। जिसमे टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का नाम भी शामिल है।**

कार्यक्रम में जिले के वर्तमान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पूर्व कलेक्टर अवधेश शर्मा को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। यह सम्मान नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत सभी 6 संकेतकों में संतृप्त प्रदर्शन के लिए दिया गया।इसके अलावा बड़वानी से कलेक्टर गुंचा सरोबर और पूर्व कलेक्टर डॉ.राहुल हरिदास फटिंग को सम्मानित किया गया। दमोह से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, धार से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को गोल्ड मेडल मिला।

खंडवा से कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और पूर्व कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।निवाड़ी से वर्तमान कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और पूर्व कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को गोल्ड मेडल मिला। विदिशा से कलेक्टर अंशुल गुप्ता और पूर्व कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। जिसमे टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का नाम भी शामिल है।

## वाहन ने पहुंचाई लोहे के गेट को क्षति



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। महेंद्र सागर तालाब की बंधान पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाए गए लोहे के गेट बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। मंगलवार रात एक अज्ञात वाहन ने गेट में टक्कर मार दी। गेट नीचे झुक गया है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इससे पहले 11 अगस्त को घंटा घर चौराहे के पास लगा गेट एक पिकअप चालक ने तोड़ दिया था।**

तालाब की बंधान से भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध है। तालाब की ओर जाने वाले रास्ते पर चार जगह लोहे के पाइप और गाटर लगाए गए हैं। मंगलवार रात एक वाहन जबरन निकलने का प्रयास कर रहा था। वाहन लोहे के गाटर में फंस गया और गाटर टूट गया।टीकमगढ-ललितपुर मार्ग के ऊपरी सड़क पर तालाब किनारे कई मंदिर और कॉलेज हैं।

छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए भारी वाहनों का आवागमन स्थाई रूप से बंद किया गया था। तालाब की बंधान भारी वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त हो रही थी। प्राचीन सकरी सड़क पर भारी वाहनों से दबाव और कंपन होती है। इससे हादसे का खतरा बना रहता है। घंटा घर तिराहे चित्रगुप्त मंदिर और हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने लोहे के पाइप और गाटर लगाए गए हैं।

## 13 को लगेगी लोक अदालत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफ ल क्रियांवयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन, जिला न्यायालय के सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रबंधकों एवं नगर पालिका के अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा बैंक प्रबंधकोंसे नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले बैंक के प्रीलिटीगेशन प्रकरणों एवं नगर पालिका के जलकर एवं संपत्ति कर के प्रीलिटीगेशन के संबंध में जानकारी ली एवं साथ उक्त संबंध में कार्यवाही हेतु चर्चा की गई। उपस्थित बैंक प्रबंधकों एवं नगर पालिका के पदाधिकारीगण ने नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने एवं अधिक से अधिक प्रीलिटीगेशन प्रकरणों के निराकरण करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसौरिया, लीड बैंक मैनेजर कैलाश नारायण आर्य सहित अन्य बैंकों के शाखा प्रबंधकगण एवं नगर पालिका के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उन्मूलन कार्यक्रम में श्रमिकों ने लिया भाग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ द्वारा 16-22 अगस्त तक गाजरघास जागरूकता सप्ताह रूप में गाजरघास उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इस उन्मूलन कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार, वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह, हंसनाथ खान, जयपाल छिगारहा एवं सुदीप रावत साथ ही कृषि महाविद्यालय के छात्र,छात्रायें व श्रमिकों ने गाजरघास उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लिया।**




गाजरघास जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी ने कार्यालय परिसर में गाजरघास निकालकर गाजरघास मुक्त परिसर बनाने का संकल्प लिया। गाजरघास उन्मूलन पर संगोष्ठी में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार द्वारा गाजरघास से मनुष्य, पशु एवं फसलों, सब्जियों पर पड़ने वाले दुष्परिणाम के बारे में अवगत कराया गया। मनुष्य के लगातार गाजरघास के सम्पर्क में आने से बहुत सी बीमारियाँ जैसे डरमेटाइटिस, एक्जिमा, एलर्जी, दमा, बुखार, आदि हो जाती हैं और पशुओं द्वारा गाजरघास चरने से दूध में कड़ वाहट आ जाती है।

## अंतिम सूची एमपी ऑनलाइन पर देखें

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय चयन समिति टीकमगढ़ की बैठक उपरांत बाल विकास परियोजना टीकमगढ़ ग्रामीण अंतर्गत रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनवाडी सहायिका के पदों की अनंतिम सूची जारी की गई है। अनंतिम सूची एम पी ऑन लाईन के चयन पोर्टल के माध्यम से देखी व प्राप्त की जा सकती है।**

अनंतिम अनंतिम चयन के विरुद्ध किसी आवेदक को आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी दावा आपत्ति चयन पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज करा सकता है दावा,आपत्ति केवल संबंधित आवेदिकाओं के द्वारा चयन पोर्टल पर प्राप्त होने पर ही निराकरण जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति करेगी।

## दिनभर रुक-रुक कर होती रही बारिश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। इस वर्ष जिले में बारिश ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जिले में अब तक 45.9 इंच औसत बारिश हो चुकी है। यह पिछले साल की तुलना में 18.1 इंच अधिक है। पिछले साल इसी समय तक 27.8 इंच बारिश हुई थी। वर्तमान में पिछले 48 घंटों से बारिश रुकी हुई ह लेकिन आज सुबह से ही देर शाम तक बादल छाए रहे और दोपहर से रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही।**



जिले में सामान्य औसत बारिश 40 इंच है। इस साल यह आंकड़ा 5.9 इंच अधिक दर्ज किया गया है। भू अभिलेख कार्यालय के अनुसारए पलेरा तहसील में सर्वाधिक 63.5 इंच बारिश हुई है। टीकमगढ़ तहसील में 57.6 इंच और मोहनगढ़ में 52.92 इंच वर्षा दर्ज की गई है। खरगापुर में 44.3 इंच, बल्देवगढ़ में 44 इंच, जतारा में 40 इंच, लिधौरा में 39 इंच और बड़ागांव तहसील में 32 इंच बारिश हुई है।बारिश के कारण बान सुजारा बांध का एक गेट 0.5 मीटर खोला गया है। बांध में वर्तमान जल स्तर 314.50 मीटर है जबकि पूर्ण भराव स्तर 316.50 मीटर है। वर्तमान में बांध 68.524 प्रतिशत भरा हुआ है।

नदी से लगभग 60 घन मीटर प्रति सेकंड पानी की आवक हो रही है और गेट से 64 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है।मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह जिले के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से तेज बारिश की संभावना है। वर्तमान में पिछले 48 घंटों से बारिश रुकी हुई ह लेकिन आज सुबह से ही देर शाम तक बादल छाए रहे।

## जिम्मेदार नहीं ले रहे आवारा गौवंश की सुध

**तमाम शिकायतों के बाद भी नहीं सुधर रही व्यवस्था**

**काले रंग के सांड बन रहे हादसों का कारण**

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर क्षेत्र की सड़कों पर लावारिस गायों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसी कोई सड़क नहीं जहां लावारिस गाय सड़क पर दिखाई न देती हो। अंधेरा होते ही लावारिस गायों का झुंड सड़कों पर आ जाता है। ज्यादातर काले रंग के सांड हादसे का कारण बन रहे हैं।**



लोगों की माने तो सामने से आ रहे वाहनों की लाइट में सांड दिखाई नहीं देने के कारण हादसा हो जाता है। रोजाना गोवंश सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। इनमें बहुत से गोवंश जहां दम तोड़ जाती हैं वहीं कई गाय जिंदगी व मौत के बीच जंग लड़ती हुई नजर आती है। हजारों गोवंश सड़कों पर भटक रहे हैं। इन्हें खाने को चारा तो दूर पीने को पानी तक नसीब नहीं होता। भूख प्यास सहन नहीं होती तो गोवंश कूडे ढेर से कूड़ा व पॉलीथिन खाकर पेट की आग शांत करता है। यहीं पॉलीथिन आंतड़ियों में फंसकर गोवंश को तड़प.तड़ पकर मरने के लिए मजबूर कर देता है। पलेरा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बराना में गौशाला खाली पड़ी हुई है।लेकिन जिन गौशालाओं को चालू बताया जा रहा है वे सिर्फ कागजों में ही चालू हैं। कहीं गौशालाओं पर चौकीदार न होने से ताले लटके हैं तो कहीं बजट न होने से भूसा-चारा खरीदने के पैसे नहीं हैं। हालत यह है कि सबकुछ कागजों पर चल रहा है। गौशालाओं में गौवंश को भले न रखा जा रहा हो लेकिन बजट बराबर निकाला जा रहा है। इसके साथ ही शासकीय गोचर भूमि पर लगातार दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि गौवंश चिलचिलाती धूप में भी कभी पेड़ की छांव में आसरा पा रहा है तो कहीं सड़कों पर भूखी.प्यासी आवारा भटकने को मजबूर हैं। नगर क्षेत्र की सड़कों पर लावारिस गायों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसी कोई सड़क नहीं जहां लावारिस गाय सड़क पर दिखाई न देती हो। अंधेरा होते ही लावारिस गायों का झुंड सड़कों पर आ जाता है। ज्यादातर काले रंग के सांड हादसे का कारण बन रहे हैं।

**कार्यवाही** — **कृषि विकास अधिकारी के निर्देशन में पलेरा पुलिस ने की कार्यवाही**

## खाद की कालाबाजारी करने पर एफआईआर दर्ज

**नवभारत न्यूज पलेरा। मानसून आते ही किसानों को रोपाई करने से पहले खेत की मिट्टी तैयार करने के साथ ही फसल के अच्छे विकास-वृद्धि के लिए भी ध्यान देना होता है। इन सबके लिए खाद की बहुत जरूरत पड़ती है। किसानों को खाद की किल्लत न हो और खाद विक्रेताओं की ओर से खाद की डंपिंग न होने पाए इसलिए कृषि अधिकारी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। किसानों को दी जाने वाली खाद की उपलब्धता के दावों और हकीकत में कितना अंतर है । इसका उदाहरण पलेरा नगर में सामने आया है। जहाँ किसान परेशान है लेकिन व्यापारी कालाबाजारी के लिए स्टॉक को जमा कर रहा है ऐसे में पलेरा कृषि विकास अधिकारी रामाकांत लोधी ने थाना पलेरा आकर आरोपी पर एफआईआर दर्ज करवाई है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 13 अगस्त को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पलेरा द्वारा आशीष ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मथुरा प्रसाद गुप्ता की दुकान का निरीक्षण किया गया था। जिसमें विक्रेता द्वारा बिक्री किए गए यूरिया स्कंन्द के बिल प्रस्तुत नहीं किए गए एवं सूचना पटल पर खाद स्कंन्द एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं पाई गई। इसके अलावा कृषकों को कैश मेमो जारी नहीं किए गए जो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 35,5 एवं 4 का उल्लंघन है। जिसके आधार पर उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास जिला टीकमगढ़ के 14 अगस्त द्वारा खाद्य बिक्री अनुज्ञप्ति निलंबित की गई। जिससे स्पष्ट होता है कि आशीष ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मथुरा प्रसाद गुप्ता निवासी पलेरा के द्वारा कल 25.2.00 मेट्रिक टन यूरिया खाद की 560 बोरी स्कंद पंजी में प्राप्त हुआ है।560 बोरी में से 333 बोरी संदिग्ध विवरण मानकर जांच हेतु आदेश प्राप्त हुआ जिसमें से 43 बोरी अवैध रूप से विक्रय करते हुए कालाबाजारी की गई। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का उल्लंघन है। जिसके चलते आशीष ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मथुरा प्रसाद गुप्ता निवासी पलेरा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### कालाबाजारी की शिकायतों कसा शिकंजा

आशीष ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मथुरा प्रसाद गुप्ता निवासी पलेरा के द्वारा कल 25.2.00 मेट्रिक टन यूरिया खाद की 560 बोरी स्कंद पंजी में प्राप्त हुआ है।560 बोरी में से 333 बोरी संदिग्ध विवरण मानकर जांच हेतु आदेश प्राप्त हुआ जिसमें से 43 बोरी अवैध रूप से विक्रय करते हुए कालाबाजारी की गई। इस मामले में प्रशासन ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज करा दिया गया है।

## सुरक्षा सुपरवाइजरों के लिए लगा शिविर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत सरकार के पसारा अधिनियम के अंतर्गत टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले में सिक्योरिटी एण्ड इनटेलिजेंस सर्विसेज लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजरों की भर्ती हेतु शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बुधवार को निवाड़ी के शासकीय अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद परिसर में शिविर लगया गया।**

आज 21 अगस्त को, युवा संगम, रोजगार मेला जिला निवाड़ी में 22 अगस्त को, शासकीय आईटीआई पलेरा में 23 अगस्त को, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जतारा में 25 एवं 26 अगस्त को, शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में 27 अगस्त को तथा युवा संगम, रोजगार मेला जिला टीकमगढ़ में 28 अगस्त को विशेष भर्ती अभियान का आयोजन किया जायेगा। शिविर में 10वीं 12वीं के सफल 19 से 40वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे इसमें शामिल होने वाले अभ्यर्थी को मैट्रिक का मार्कशीट आधार कार्ड साथ लाना जरूरी होगा। चयन में शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पास के साथ ही ऊंचाई कम से कम 167.5 सेंटीमीटर 56 से 90 केजी वजन होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थी को, नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के उपरांत दिए गए दिनांक पर प्रशिक्षण हेतु एसआईएस रीजनल ट्रेंनिंग सेंटर सिंगरौली में पहुंचना होगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी को कंपनी के आवश्यकता के अनुसार ऑल इंडिया पोस्टिंग किया जायेगा। पोस्टिंग देश में ज्यादातर भारत सरकार और राज्य सरकार के उपक्रमों की सुरक्षा में किया जायेगा। भारत सरकार के पसारा अधिनियम के अंतर्गत एवं निवाड़ी जिले में सिक्योरिटी एण्ड इनटेलिजेंस सर्विसेज लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजरों की भर्ती हेतु शिविरों का आयोजन किया जायेगा।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती बती कुशबाहा पत्नि स्व. ग्या कुशवाहा आयु 56 साल निवासी ग्राम एरोरा तह.बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ मप्र.की होकर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं। यह कि मेरा आधार कार्ड नं.559593085772है और मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बती कुशबाहा दर्ज है। मेरे नाम से पोस्ट ऑफिस खरगापुर में खाता खुला हुआ है। मेरा खाता नं.010056745628 है। इसमें भी बती कुशबाहा नाम दर्ज है। मेरे नाम से पेन कार्ड बना हुआ है। जिसका क्रमांक क्यू.जे.डी.पी.के.4650क्यू है। जिसमें भी मेरा नाम बती कुशवाहा दर्ज है। यह कि शपथकर्ता के पति ग्या कुशवाहा के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालसी खुली थी और मेरे पति ग्या कुशवाहा की 20 जुलाई 2025 को मृत्यू हो गई है। और में उनकी मात्र एक बिधवा एवं बिबाहिता पत्नि थी। और पति की पालसी में मेरा नोमीनल में नाम दर्ज है। जिसमें मेरा लिपिकिय त्रुटी से भागवती कुशबाहा नाम दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम बती कुशवाहा है और दोनों नाम की एक ही महिला है। यह कि शपथकर्ता बती कुशवाहा एवं भागवती कुशवाहा दोनों नाम की एक ही महिला है और ग्या कुशवाहा की निज पत्नि है जिस संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

सूचनाकर्ता
श्रीमती बती कुशवाहा, पति स्व.ग्या कुशवाहा
ग्राम एरोरा, तहसील बल्देवगढ़
जिला - टीकमगढ़ (म.प्र.)